

लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

**लोक सभा अध्यक्ष ने महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के 5वें दीक्षांत समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया/ LOK SABHA SPEAKER ADDRESSES THE 5th CONVOCATION CEREMONY OF MAHARAJA GANGA SINGH UNIVERSITY BIKANER**

...

**महाराजा गंगा सिंह आधुनिक सुधारवादी और भविष्यद्रष्टा थे: लोक सभा अध्यक्ष / MAHARAJA GANGA SINGH WAS A MODERN REFORMER AND A VISIONARY: LOK SABHA SPEAKER**

...

**शिक्षा मातृभूमि का ऋण, युवा देशसेवा कर इसे चुकाएंः लोक सभा अध्यक्ष/ YOU ARE INDEBTED TO YOUR MOTHERLAND FOR YOUR EDUCATION, WHICH YOU CAN REPAY BY SERVING IN YOUR RESPECTIVE AREAS: LOK SABHA SPEAKER**

...

**देश का युवा अपनी संकल्प शक्ति, कर्मशील आचरण और कठोर परिश्रम के बल पर पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा के लिए जाना जाता है: लोक सभा अध्यक्ष / THE YOUTH OF THE NATION ARE KNOWN ALL OVER THE WORLD FOR THEIR RESOLVE, CONDUCT AND HARD WORK: LOK SABHA SPEAKER**

...

**लोक सभा अध्यक्ष ने महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के 5वें दीक्षांत समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया**

**नई दिल्ली, 26 दिसंबर 2020:** लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास से महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के 5वें दीक्षांत समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया।

इस अवसर पर श्री बिरला ने  महाराजा गंगा सिंह को स्मरण करते हुए कहा कि, "महाराजा गंगा सिंह आधुनिक सुधारवादी और भविष्यद्रष्टा थे।" उन्होंने आगे कहा कि, गंगा नहर से लेकर प्रशासनिक व न्यायिक सुधारों तक उनकी प्रगतिवादी सोच ने बीकानेर के लोगों के उत्थान को नई दिशा दी। मैं उन्हें नमन करता हूं।

युवा वर्ग का जो देश के प्रति दायित्व है, उसका उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि, "आपकी शिक्षा आपकी मातृभूमि का ऋण है जिसे आप अपने-अपने क्षेत्रों में देशसेवा कर के चुका सकते हैं।" उन्होंने आगे कहा कि " आप अपने मन में एक विचार और आत्मविश्वास लेकर आगे बढ़ें। आप विश्व और देश के इतिहास का अध्ययन करें। अनादिकाल से आज तक मानव जाति ने अभूतपूर्व प्रगति की है। आपको नई ऊंचाइयों को छूना है। आपको भी अपने लक्ष्य ऊंचे रखने और उन्हें प्राप्त करने के लिए एक नई स्फूर्ति, एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ना है।"

श्री बिरला ने राष्ट्र सेवा के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि, "मुझे देश की युवा शक्ति की प्रतिभा एवं सामर्थ्य पर पूर्ण विश्वास है। देश का युवा अपनी संकल्प शक्ति, कर्मशील आचरण और कठोर परिश्रम के बल पर पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा के लिए जाना जाता है।"

श्री बिरला ने अपने अभिभाषण में संविधान के विषय में कहा कि, माननीय प्रधानमंत्री जी ने KYC का एक नया अर्थ दिया है, KYC अर्थात Know Your Constitution. उन्होंने आगे कहा कि "पूरे समाज का, विशेषकर छात्र वर्ग और युवा वर्ग का दायित्व है कि वह संविधान और इसके प्रावधानों के प्रति जागरूकता का प्रचार प्रसार करें।"

संविधान में उल्लेखित मूल कर्तव्यों के विषय में श्री बिरला ने कहा, "हम सब अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हैं परन्तु हमारे कुछ संवैधानिक कर्त्तव्य भी हैं। हम जब तक इन कर्तव्यों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं करेंगे, एक आदर्श समाज और राष्ट्र का निर्माण असंभव है।"

कार्यक्रम के पूर्व में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति ने लोक सभा अध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्थान के माननीय राज्यपाल, श्री कलराज मिश्र भी वर्चुअल रूप से मौजूद थे।

## LOK SABHA SPEAKER ADDRESSES THE 5TH CONVOCATION CEREMONY OF MAHARAJA GANGA SINGH UNIVERSITY BIKANER

**New Delhi, 26 December 2020:** Lok Sabha Speaker, Shri Om Birla virtually addressed the 5th Convocation ceremony of Maharaja Ganga Singh University, Bikaner from his residence in New Delhi today.

On this occasion, Shri Birla recalled the contributions of Maharaja Ganga Singh. He said that "Maharaja Ganga Singh Ji, was a modern reformer and a visionary." He further remarked that his progressive thinking from construction of Ganga Nahar (Ganga Canal) to administrative and judicial reforms gave a new direction to the development of the people of Bikaner.

Referring to the responsibility of the youth towards the country, Lok Sabha Speaker said, "You are indebted to the motherland for your education, which you can repay by serving in your respective areas." He further said that “the youth must have the conviction of heart and move forward with confidence. They should study the history of the world and the country. From ancient times, man has made unprecedented progress. You have to touch new heights. You have to set high targets and to achieve them you have to move forward with renewed vigour and energy."

Speaking about the importance of service to the nation, Shri Birla said, "I have full faith in the talent and strength of the youth of the country. The youth of the nation are known all over the world for their resolve, conduct and hard work."

Mentioning the Constitution in his address, Shri Birla said that the Hon'ble Prime Minister has given a new meaning to KYC, KYC i.e. Know Your Constitution. He further said that it was the responsibility of the entire society, especially the students and youth, to spread awareness about the Constitution and its provisions.

Speaking about Fundamental Duties enshrined in the Constitution, Shri Birla said, "We are all conscious of our rights but we also have some constitutional duties. Unless we ensure compliance with these duties, it is impossible to build an ideal society and nation. "

At the outset, the Vice-Chancellor of Maharaja Ganga Singh University welcomed the Speaker, Lok Sabha. Honorable Governor of Rajasthan, Shri Kalraj Mishra was also present on the occasion.